3. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं पाँच* प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×5=25

(क) पुलिंग से स्त्रीलिंग बनाने के किन्हीं तीन नियमों का उल्लेख उदाहरण सहित कीजिए।

(ख) कृदंत तथा तद्धित में क्या अंतर है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ग) तत्पुरुष समास किसे कहते हैं? तत्पुरुष समास के भेदों का नाम लिखिए।

(घ) संधि तथा समास में क्या अन्तर है? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।

(ङ) अनुच्छेद लेखन किसे कहते हैं? अनुच्छेद लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(च) मुहावरों और लोकोक्तियों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(छ) एक अच्छे प्रतिवेदन में क्या-क्या होना चाहिए?

(ज) रचना की दृष्टि से वाक्य के भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

4. पत्र लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान देना पड़ता है? सविस्तार लिखिए। 10

अथवा

विराम चिह्न का अर्थ स्पष्ट करते हुए हिन्दी में प्रयुक्त विराम चिह्नों का वर्णन कीजिए।

Total number of printed pages – 4

63 (FY)SEM-2/AEC2/HINAEC1022

2024

HINDI

Paper : HINAEC1022

(हिन्दी व्याकरण एवं रचना)

Full Marks : 50

Pass Marks : 20

Time : Two hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ वहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

(क) स्वर के साथ स्वर के मेल से जो विचार पैदा होता है वह क्या कहलाता है?

(i) व्यंजन संधि

(ii) विसर्ग संधि

(iii) स्वर संधि

(iv) दीर्घ संधि

(ख) प्रत्यय के कितने भेद होते हैं?

(i) दो

(ii) पाँच

(iii) तीन

(iv) चार

(ग) तत्पुरुष समास के उपभेद कितने होते हैं?

(i) चार

(ii) तीन

(iii) दो

(iv) एक

(घ) निम्नलिखित में से तत्सम-तद्भव का असंगत युग्म कौन सा है?

(i) क्रोश-कोण

(ii) घोटक-घोड़ा

(iii) काष्ठ-काठ

(iv) अरिष्ठ-रीठा

(ङ) सार लेखन में कितना समय लगना चाहिए?

(i) 5–10 मिनट

(ii) 0–5 मिनट

(iii) 15–20 मिनट

(iv) 10–15 मिनट

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं पाँच* प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) व्यवसायिक पत्र की तीन शैलियों के नाम लिखिए।

(ख) पर्यायवाची शब्द का क्या अभिप्राय है? उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए।

(ग) सार लेखन की क्या विशेषता है?

(घ) उपसर्ग किसे कहते हैं? सोदाहरण लिखिए।

(ङ) समास किसे कहते हैं? समास का शाब्दिक अर्थ क्या है?

(च) वाक्य तथा उपवाक्य में क्या अन्तर है? स्पष्ट कीजिए।

(छ) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) आँख का तारा

(ii) कड़वा घूँट पीना

(iii) घी के दीए जलाना

(iv) हथियार डाल देना